
# प्रदेश में कानून व्यवस्था सुदृढ़ होने से विकास की गति हुई तेज : योगी

## दुल्हदेपुर कुटी में आयोजित दशम श्री हनुमत विराट महायज्ञ एवं श्रीरामार्चा पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री, कथा मंडपम का किया उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



श्री हनुमत विराट महायज्ञ एवं श्रीरामार्चा पूजन कार्यक्रम में पूजन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।



मखाने और लावा की माला से सीएम योगी का स्वागत करते बाबा बलराम दास।



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को सिरौलीगौसपुर तहसील क्षेत्र स्थित दुल्हदेपुर कुटी में आयोजित दशम श्री हनुमत विराट महायज्ञ एवं श्रीरामार्चा पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां यज्ञ मंडप में उन्होंने विधिवत आहुति दी। इस अवसर पर संत बलराम दास ने मुख्यमंत्री का स्वागत मखाने और लावा की माला पहनाकर किया। यहां पहुंचकर उन्होंने बाबा हरिशंकर दास की स्मृति में बने कथा मंडप का उद्घाटन किया।

मंच से बिना नाम लिये विपक्षी दलों को कड़ा संदेश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार जो कहती है, वह करके दिखाती है। उन्होंने कहा कि हमने कहा था राम मंदिर बनाएंगे और राम मंदिर बनवाया भी। उन्होंने कहा कि कानून तोड़ने वाले जहन्नुम जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में 500 वर्षों के बाद गौरवशाली क्षण आया है। इतने वर्षों में कई राजा-महाराजा और सरकारें आईं, लेकिन राम मंदिर निर्माण के लिए गंभीर प्रयास नहीं हुए। उन्होंने कहा कि जो लोग संकट के समय भगवान राम को याद करते हैं और बाद में भूल जाते हैं, अब भगवान राम भी उन्हें भूल चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में कर्फ्यू, अराजकता और असुरक्षा का माहौल था। आज जहा यह कार्यक्रम हो रहा है, उस जमीन पर भी कब्जा करने का प्रयास हुआ और बाबा हरिशंकर दास को गोली मार दी गई थी। लेकिन अब प्रदेश में कानून व्यवस्था सुदृढ़ है और विकास की गति तेज हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाराबंकी भगवान विष्णु के वराह अवतार की भूमि है और यहीं लोधेश्वर महादेव का पवित्र धाम स्थित है। उन्होंने बताया कि हॉकी के महान खिलाड़ी पद्म पुरस्कार से सम्मानित बाबू केडी सिंह की हवेली को सरकार ने बिकने से बचाया है और वहां स्मारक का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने प्रगतिशील किसानों की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक खेती से जिले को नई पहचान मिली है। किसान रामसरन वर्मा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पद्म सम्मान दिया गया।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि लोधेश्वर महादेव मंदिर में काशी विश्वनाथ की तर्ज पर भव्य कॉरिडोर बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि माघ मेले में 21 करोड़ श्रद्धालु, जबकि काशी विश्वनाथ धाम और अयोध्या में करोड़ों लोग दर्शन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि किसान, व्यापारी और बेटियां सुरक्षित हैं तथा अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर कार्रवाई हो रही है। प्रदेश में 75 जिलों तक बिजली, समय से वेतन, छात्रवृत्ति और गरीबों के लिए आवास, राशन व आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं लागू की गई हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि 84 कोसी परिक्रमा मार्ग बाराबंकी से होकर गुजरेगा। जिले को एससीआर में शामिल किया गया है। राज्य मंत्री सतीश शर्मा व प्रभारी मंत्री सुरेश राही के प्रस्ताव पर रामसनेहीघाट में औद्योगिक पार्क बनेगा। उन्होंने बाराबंकी को विकास प्राधिकरण देने की घोषणा की। कार्यक्रम में बाराबंकी, अयोध्या, गोंडा, बलरामपुर, सुल्तानपुर, श्रावस्ती और बहराइच से आए संत-महंत, भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस दौरान 79 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ, जिन्हें मुख्यमंत्री ने आशीर्वाद दिया। इस मौके पर जिला प्रभारी मंत्री सुरेश राही, एमएलसी अवनीश सिंह पटेल, राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा, विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, विधायक दिनेश रावत, जिपं अध्यक्ष राजरानी रावत, अनुसूचित जाति व जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, शरद अवस्थी, कमिश्नर राजेश कुमार व आईजी सोमेन वर्मा, एडीजी लखनऊ प्रवीण कुमार, डीएम शशांक त्रिपाठी, एसपी अर्पित विजयवर्गीय, एडीएम निरंकार सिंह, एएसपी दक्षिणी रितेश सिंह, एसडीएम नवाबगंज, रामनगर व सिरौली गौसपुर आदि उपस्थित रहे।

### सीएम की सुरक्षा में लगी महिला सिपाही बेहोश

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मंगलवार को सीएम योगी के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा में तैनात एक महिला सिपाही बेहोश हो गयी। उसे स्ट्रेचर पर लेकर एंबुलेंस तक ले जाया गया, जहां से उसे मथुरानगर सीएचसी ले जाया गया। डाक्टरों ने उसका इलाज शुरु किया, जहां उसकी हालत ठीक बताई जा रही है। महिला सिपाही का नाम वृंदा तिवारी है, जिसे सीएम के कार्यक्रम को लेकर वाह्य सुरक्षा में तैनात किया गया था। अचानक वह बेहोश होकर वहीं गिर पड़ी। साथी सिपाहियों की नजर पड़ते ही तत्काल उसे इलाज के लिए ले जाया गया।



कथा मंडपम का उद्घाटन करते सीएम योगी। ● अमृत विचार

# मालगाड़ी पर सिगरेट पीते रील बनाई, गए जेल

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर लाइक और व्यूज़ पाने की चाहत दो युवकों को महंगी पड़ी। मालगाड़ी पर चढ़कर सिगरेट पीते हुए रील बनाकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट करने वाले पांच युवकों को आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

आरपीएफ पोस्ट बुढ़वल जंक्शन के कमांडर रवि कुमार और जीआरपी प्रभारी जयंत दुबे ने बताया कि कुछ दिन पूर्व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में कुछ युवक बुढ़वल जंक्शन के पीछे खड़ी मालगाड़ी पर चढ़कर धूम्रपान करते हुए रील बनाते दिखाई दे रहे थे। मंगलवार दोपहर टीम ने तहसील फतेहपुर क्षेत्र में दबिश देकर पांच युवकों को हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार मो. उमर और मो. फरदीन खान रील बना रहे थे, जबकि तीन युवक उनकी सहायता कर रहे थे। सभी के खिलाफ रेलवे एक्ट की संबंधित धाराओं में कार्रवाई की गयी।



गिरफ्त में आये आरोपी। ● अमृत विचार

## चाइनीज मांझे से कटा बाइक सवार का चेहरा

**बाराबंकी: अमृत विचार :** सीतापुर से बाराबंकी आ रहे बाइक सवार युवक का चेहरा चाइनीज मांझे की चपेट में आकर कट गया, वहीं वह सड़क पर गिर गया। बाइक पर सवार साथी युवक ने उसे एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया, जहां हालत स्थिर बताई जा रही है। सीतापुर के सिधौली थाना अंतर्गत खजुरिया सिधौली निवासी बृजेश यादव बाराबंकी स्थित एक होटल में कार्यरत हैं। मंगलवार को बृजेश बाइक से ड्यूटी पर जा रहे थे। दोपहर करीब एक बजे जब वह देवा नहर पुल तकिया के पास पहुंचे ही थे तभी पतंग उड़ा रहे अज्ञात व्यक्ति का मांझा अचानक उनके चेहरे से टकरा गया। धारदार मांझे से चेहरा कटते ही बृजेश संतुलन खो बैठे और बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े।

# नशे की हालत में रोड पर लड़खड़ाता मिला सिपाही

**बाराबंकी: अमृत विचार :** लोधेश्वर महादेव धाम में सुरक्षा ड्यूटी को आया सिपाही सोमवार की रात नशे की हालत में हाईवे पर लड़खड़ाता मिला। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने हादसे से बचाने के लिए उसे सुरक्षित जगह पर बिठा दिया। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ जलाभिषेक के लिए महादेवा पहुंच रही है। स्थानीय पुलिस के साथ अन्य जनपदों से भी अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। सोमवार देर रात 10 बजे रामनगर थाना क्षेत्र में बंद पड़ी बुढ़वल शुगर मिल के पास एक सिपाही नशे की हालत में लड़खड़ाता देखा गया। बताया जा रहा कि वर्दी पहने सिपाही सड़क पर लड़खड़ाते हुए गिर पड़ा। तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही को देखते हुए राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए उसे सड़क से हटाकर सुरक्षित स्थान पर बैठाया। सिपाही सुल्तानपुर जनपद से महादेवा मेले में सुरक्षा ड्यूटी के लिए भेजा गया था। ड्यूटी के दौरान अत्यधिक शराब सेवन के कारण वह असंतुलित हो गया। मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है।



नशे में लड़खड़ाता सिपाही।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र में महादेवा-सूरतगंज मार्ग पर मंगलवार देर शाम ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को सीएचसी सूरतगंज में भर्ती कराया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

छेदा गांव निवासी अफजल (30) पुत्र शब्बीर अली अपने मित्र भगवन्तापुर निवासी अबबुदून (31) के साथ रामनगर गए थे। देर शाम दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। गांव कुरेलवा के पास सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अफजल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अबबुदून गंभीर रूप से घायल हो गया।

### 177 बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल दवा



बच्चों को दवा वितरित करते प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बनीकोडर ब्लाक के ग्राम छन्दवल स्थित बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा संचालित चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल में जिला स्वास्थ्य समिति के सौजन्य से राष्ट्रीय कृमि दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने बच्चों को एल्बेंडाजोल दवा खिलाकर कृमि रोगों से बचाव की जानकारी दी। शिक्षिकाओं की देखरेख में विद्यालय प्रांगण में कुल 177 बच्चों ने दवा का सेवन किया। इस अवसर पर शिक्षिका शारदा रावत, सरिता यादव, प्रिया मोर्य, प्रिंसी वर्मा, पलक सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कानूनी जागरूकता बढ़ाने को हुआ नुक्कड़ नाटक



जागरूकता कार्यक्रम के दौरान शिक्षक व स्टाफ। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज के लीगल एड सेल ने मंगलवार को विवि परिसर स्थित अपनी पाठशाला में बच्चों के लिए कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसका विषय गुड टच एवं बैड टच के प्रति जागरूकता था। विवि के चांसलर इंजी. पंकज अग्रवाल, प्रो-चांसलर पूजा अग्रवाल और कुलपति कर्नल डॉ. विजय तिवारी का मार्गदर्शन मिला। अध्यक्षता प्रो. (डॉ.) नरेंद्र बहादुर सिंह, निदेशक, इंस्टिट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज़ ने की। संचालन समन्वयक डॉ. महेंद्र कुमार एवं सह-समन्वयक के. पी. सिंह ने किया। कार्यक्रम में डॉ. श्रुति शर्मा, डॉ. पी. सी. मिश्रा एवं डॉ. शशांक की भी उपस्थिति रही। नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति और संचालन में विधि विभाग के विद्यार्थियों प्रेसिडेंट आवंशिका सिंह, सूरज गुप्ता, विवेक गुप्ता, सुधाकर, शिवम, अनिरुद्ध, श्रुति, कंदबरी पटेल, आयुषी आदि छात्र-छात्राओं ने भूमिका निभाई।

# बालिका शिक्षा को सशक्त बनाना जरूरी

**बाराबंकी: अमृत विचार :** जनपद स्तरीय 'प्रगति, स्वाभिमान और सफलता की ओर 2.0' बाल उत्सव का आयोजन मंगलवार को राजकीय इंटर कॉलेज के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक एवं सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी राम लाल द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर डीसी बालिका शिक्षा पुनीत मणि त्रिपाठी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का स्वागत किया।

बीएसए नवीन कुमार पाठक ने कहा कि बालिका शिक्षा को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए टीम भावना के साथ कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने जनपद से चयनित बच्चों को मंडल और प्रदेश स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में जनपद के 15 विकास खंडों के बालिका नोडल तथा ब्लॉक स्तर से चयनित 60 बच्चों ने प्रतिभाग किया। बच्चों के लिए 'मेरे बदलाव की कहानी' एवं कॉमिक्स बुक आधारित कहानी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जनपद स्तर से चयनित 5-5 बच्चों को मंडल स्तर पर प्रतिभाग के लिए भेजा जाएगा। 'मेरे बदलाव की कहानी' में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय फतेहपुर की पायल, रिमजा, स्वाती, मोहित और गौरी सिंह का चयन हुआ। पोस्टर प्रतियोगिता में शिवि, लक्ष्मी, रिया और निशा चयनित हुईं। प्रतिभागी बच्चों ने मीना मंच कार्यक्रम के अंतर्गत बालिका सशक्तिकरण से जुड़े अपने अनुभव प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। सभी विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र त्रिपाठी एवं सुभाष तिवारी ने किया। कार्यक्रम में बीईओ चंद्र शेखर यादव, नंदन पाण्डेय, पुनीत श्रीवास्तव सहित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की टीम एवं विभिन्न विकास खंडों से आए शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।





प्रमाण पत्रों के साथ विजेता छात्राएं, बीएसए व अन्य लोग। ● अमृत विचार

# चोरों ने घर से पार किये लाखों के जेवर व नकदी

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** शातिर चोरों का तांडव जारी है। सोमवार रात एक घर में दाखिल हुए चोरों ने 18 लाख रुपये की कीमत के सोने चांदी के जेवर व 50 हजार रुपये पर हाथ साफ कर दिया। मंगलवार की सुबह जगे परिजनों को घटना का पता चला। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मौके की जांच पड़ताल की है।

चोरी की यह घटना कुर्सी थाना के राजापुर मजरे अमरसंडा गांव में सोमवार की रात हुई। गांव निवासी अहंकार यादव पुत्र स्व. बच्चू लाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह खेती किसानी करते हैं, साथ ही अपना व्यवसाय भी है। सोमवार को आधी रात के बाद चोर मकान के पीछे की दीवार फांद कर घर में घुस गए। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी आदि का ताला तोड़ कर नकदी जेवर आदि सामान पार कर दिया। सुबह जब घर के लोगों की नींद खुली तो कमरे में बिखरा सामान देख कर लोगों को चोरी की जानकारी हुई। इससे घर में हड़कंप मच गया। घर में शोर शराबा सुनकर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पीड़ित ने बताया कि चोर अलमारी का ताला तोड़कर एक चांदी की करधनी, एक जोड़ी पाजेब, सोने की नथुनी, एक जोड़ी झुमकी, मांग बिंदी, सोने की एक जोड़ी झाला, दो जोड़ी चांदी के पायल चार जोड़ी बिछिया, एक सोने का हार, तीन सोने की अंगूठी, चांदी की तीन अंगूठी, नाक के दो बुन्दा, सोने के हाथ फूल, चांदी के कमर गुच्छा, एक हसुली चांदी की आदि सोने चांदी के जेवरात और 50 हजार रुपये नकद ले गए हैं।

### उद्योगों की बिजली समस्याओं व समाधान पर हुई चर्चा



बैठक करके अधिकारी व आईआईए के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**बाराबंकी : अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) बाराबंकी चैप्टर द्वारा अधीक्षण अभियंता राजबाला एवं विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जिले की औद्योगिक इकाइयों से जुड़ी विद्युत आपूर्ति समस्याओं पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में आईआईए पदाधिकारियों व उद्योग प्रतिनिधियों को कुरौली फीडर की मरम्मत प्रगति की जानकारी दी गई। साथ ही एआई-डिस्पो फैक्ट्री को बारहेल फीडर से अलग विद्युत कनेक्शन देने के प्रस्ताव से अवगत कराया गया। उद्योगों को शाम 5 से 11 बजे तक पीक ऑवर्स में विद्युत खपत कम रखने तथा प्रत्येक छह माह में सर्वो व कैपेसिटर बैंक की जांच कराने की सलाह दी गई। विद्युत विभाग ने सौर ऊर्जा प्रणाली को बढ़ावा देने, आपूर्ति की सुरक्षा के लिए थ्री-वे आरएमयू लगाने तथा शिकायत निस्तारण हेतु टोल फ्री नंबर 1912 के उपयोग की सलाह दी। आईआईए बाराबंकी चैप्टर अध्यक्ष विधु गुप्ता ने मेरठ में 21 से 23 फरवरी के बीच होने वाले इंडिया सोलर एवं ई-व्हीकल एक्सपो की जानकारी दी। बताया कि अगली समीक्षा बैठक 13 फरवरी को कुर्सी रोड औद्योगिक क्षेत्र में आयोजित होगी।

निर्देश

फाल्गुनी महाशिवरात्रि मेले का मंडलायुक्त व एडीजी ने किया निरीक्षण

# श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की न हो असुविधा : मंडलायुक्त

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** अयोध्या मंडल के मंडलायुक्त राजेश कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ प्रवीण कुमार एवं आईजी आयोध्या सोमन बर्मा ने मंगलवार को लोधेश्वर महादेवा मंदिर में चल रहे फाल्गुनी महाशिवरात्रि मेले का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

अधिकारियों ने पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, बैरिकेडिंग और सुरक्षा प्रबंधों का गहन निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संपूर्ण मेला परिसर का भ्रमण किया और मंदिर के गर्भगृह तक जाने वाले मार्ग पर की गई बैरिकेडिंग व होल्डअप व्यवस्था की मजबूती को परखा। मंदिर परिसर में बने महल के जर्जर छज्जे के नीचे लगी जाली के ऊपर मजबूत जाल लगवाने के निर्देश भी दिए गए। मंडलायुक्त व एडीजी ने मंदिर के निकासी द्वार पर नाली के किनारे बने गड्ढे को ठीक कराने, बैरिकेडिंग के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन के खुले तारों व केबल को दुरुस्त कराने तथा अभरण सरोवर पर बैरिकेडिंग, प्रकाश और सुरक्षा के समुचित इंतजाम सुनिश्चित कराने को कहा। इसके अलावा पानी की टंकी पर जाने वाली सीढ़ियों को बंद करने, दुकानदारों को अग्नि सुरक्षा के मद्देनजर पानी व बालू रखने तथा मंदिर के मुख्य द्वार का रंग-रोगन कराने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मेले में आए श्रद्धालुओं से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान जालौन से तीन दिन और दो रात की पैदल यात्रा कर दर्शन के लिए पहुंचे कांवड़ियों से भी संवाद कर उनकी समस्याएं जानी गईं। मंडलायुक्त राजेश कुमार और एडीजी प्रवीण कुमार ने ग्राम प्रधान राजन तिवारी द्वारा मेले में की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए सभी इंतजाम चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दूर-दराज से आने वाले शिवभक्तों किसी प्रकार की असुविधा न है। साथ ही उनके साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार किया जाए और जलाभिषेक में किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए। निरीक्षण के उपरांत मंडलायुक्त, एडीजी सहित अन्य अधिकारियों ने लोधेश्वर महादेवा मंदिर में देवाधिदेव महादेव की विधिवत पूजा-अर्चना कर मानव कल्याण की कामना की। इस अवसर पर जिलाधिकारी शशांक कुमार त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, मुख्य विकास अधिकारी असुदन, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत, तहसीलदार विपुल कुमार सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय, बीडीओ जितेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत हरपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते मंडलायुक्त, एडीजी व आईजी। ● अमृत विचार

## कार की टक्कर से एसआई घायल

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** वाहन चेकिंग के दौरान एक उपनिरीक्षक कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। घटना सोमवार को हुई। थानाध्यक्ष ने चौकी प्रभारी को हैदरगढ़ से लखनऊ की ओर जा रही एक संदिग्ध सफेद स्विफ्ट डिजायर कार को रोकने के लिए कहा था। उपनिरीक्षक मिथलेश कुमार अपने हमराह कांस्टेबल नरेंद्र कुमार के साथ पुलिस चौकी के पास बैरियर लगाकर चेकिंग कर रहे थे। देर रात हैदरगढ़ की तरफ से तेज रफ्तार कार आती दिखाई दी। उपनिरीक्षक ने टॉर्च की रोशनी से उसे रुकने का इशारा किया। हालांकि, कार चालक ने उपनिरीक्षक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से उपनिरीक्षक मिथलेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका बायां हाथ टूट गया।

### आत्मनिर्भरता व जैविक खेती पर दिया गया जोर

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** गौरा सैलक गांव में मंगलवार को महिला किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। एक्सिस बैंक फाउंडेशन, उजाला महिला महासंघ एवं ट्रस्ट कम्युनिटी लाईवलीहुड्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में महिला किसानों के सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और आजीविका सुदृढ़ करने पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी राजित राम, टीसीएल प्रमुख विनोद जैन, जिला उद्यान अधिकारी प्रज्ञा उपाध्याय, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. नीतीश राय सहित अन्य विशेषज्ञों ने जैविक खेती और पशुपालन आधारित आय सृजन के महत्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने बताया कि जैविक खेती से कम लागत में भूमि की उर्वरता बढ़ती है और कृषि उत्पादन सुरक्षित रहता है। साथ ही बकरी दाना इकाई को आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताया गया। समापन अवसर पर महिलाओं ने उजाला महिला महासभा को और सुदृढ़ करने का संकल्प लिया। सम्मेलन में ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। इस दौरान एडीओ एजी सूर्यप्रकाश, एडीओ समाज कल्याण राज कुमार, डीडीसी पूजा सिंह, राजेश सिंह सहित कई ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

अमृत विचार

लखनऊ, बुधवार, 11 फरवरी 2026

हरदोई

न्यूज ब्रीफ

## अभिनेता मनोज बाजपेयी व नेटफ्लिक्स समेत 6 के खिलाफ वाद दायर

**हरदोई, अमृत विचार।** अभिनेता मनोज बाजपेयी की विवादित फिल्म 'घूसखोर पंडत' अपनी रिलीज से पहले ही कानूनी विवादों में घिर गई है। फिल्म के शीर्षक और टीजर में दिखाए गए संवादों को ब्राह्मण समाज की भावनाओं को आहत करने वाला बताते हुए हरदोई के अधिवक्ताओं ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। इस मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) की अदालत में परिवाद दायर किया गया है। अधिवक्ता आलोक अवस्थी के नेतृत्व में दर्ज कराए गए इस वाद में फिल्म के नाम पर कड़ी आपत्ति जताई गई है। वादी का कहना है कि शीर्षक में 'पंडत' शब्द के साथ 'घूसखोर' जैसे अपमानजनक विशेषण का प्रयोग करना ब्राह्मण समाज की छवि को गलत तरीके से पेश करने की कोशिश है। अधिवक्ता आलोक अवस्थी ने 6 फरवरी 2026 को कोतवाली शहर में इस मामले की शिकायत करने की कोशिश की थी, लेकिन पुलिस ने इसे 'सामाजिक मामला' बताकर रिपोर्ट दर्ज करने से इनकार कर दिया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** युवक की सीएचसी कोथावां में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए जांच शुरु कर दी है। बेनीगंज कोतवाली के हरीपुर मजरा अटवा मुठिया निवासी 35 वर्षीय लल्लाराम पुत्र गजराज मेहनत-मज़दूरी कर गुज़र कर रहा था। 13 साल पहले उसकी शादी हुई, लेकिन कुछ ही दिन बाद पत्नी छोड़ कर चली गई थी। इधर कुछ महीनों से लल्लाराम बीमार रहने लगा था, सोमवार को तबियत बिगड़ने पर उसे सीएचसी कोथावां पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

# मंडलायुक्त ने किया नव निर्मित एनआईसी भवन का लोकार्पण

### कहा, पत्रावलियों के डिजिटलीकरण से प्रशासनिक कार्यों में आएगी तेजी

संवाददाता, हरदोई



नवनिर्मित एनआईसी भवन का लोकार्पण करते मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आयुक्त लखनऊ मण्डल विजय विश्वास पंत ने मंगलवार को जनपद भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा के साथ सर्वप्रथम स्वामी विवेकानन्द सभागार के ऊपर नव निर्मित एनआईसी कार्यालय का लोकार्पण फीता काटकर एवं शिलापट से पर्दा हटाकर किया। इस अवसर पर आयुक्त ने नये एनआईसी भवन में आधुनिक तकनीक व सुविधाओं के लिए डीएम की सराहना की तथा कहा इससे सरकारी कार्यो में पारदर्शिता आयेगी।

इसके बाद आयुक्त ने कलेक्टेट के संग्राह अनुभाग, संयुक्त कार्यालय, शस्त्र अनुभाग, अंग्रेजी अभिलेखागार, राजस्व अभिलेखागार, रिकार्ड रूम, अपर जिला मजिस्टेट न्यायालय आदि का सघन निरीक्षण किया। संग्रह अनुभाग के सभी पटलों के निरीक्षण में उन्होने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिये कि अभिलेखों एवं पत्रावलियों का रख-रखाव ठीक प्रकार करें और आवश्यक शासनादेशों को गाइट फाइल में रखें। शस्त्र अनुभाग के निरीक्षण में आयुक्त ने कहा कि शस्त्र वरासत संबंधी सभी पत्रावलियों की जांच करायें और शस्त्र नवीनीकरण की प्रक्रिया समय पर निर्धारित करायें।

कहा कि सभी पत्रावलियों का डिजिटलीकरण कराये और डिजिटलीकरण से न केवल प्रशासनिक कार्यों में गति आएगी, बल्कि पारदर्शिता भी बढ़ेगी। उन्होने सेवानिवृत्त कार्मिकों के देयों के भुगतान की स्थिति की जानकारी ली तथा निर्देश दिये कि सेवानिवृत्ति देयों अथवा एसीपी से संबंधित कोई भी प्रकरण लंबित न रखें। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी वि.रा. प्रियंका सिंह, न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, अतिरिक्त मजिस्टेट पूनम भास्कर, अरूणिमा श्रीवास्तव, एसडीएम सण्डीला, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## जांच कराकर पात्र लोगों के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराए जाएं : विजय विश्वास

**हरदोई, अमृत विचार।** स्वामी विवेकानन्द सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा करते हुए आयुक्त लखनऊ मण्डल विजय विश्वास पंत ने उपस्थित समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन नवयुवक/युवतियां ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है एवं नव विवाहित महिलाओ व छूटे हुए मतदाताओं के फार्म 06 बीएलओ के माध्यम से भरवाकर तथा जांच कराकर पात्र लोगों के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना सुनिश्चित कराये तथा दावे एवं आपत्ति वाले मतदाताओं से फार्म 07 व 08 भरवाकर समय पर जांच कराकर उनका निस्तारण करायें।

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर लिया फीडबैक

**हरदोई।** स्वामी विवेकानन्द सभागार में आयुक्त लखनऊ मण्डल विजय विश्वास पंत ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। उन्होंने एसआईआर अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची के अद्यतीकरण कार्यों तथा राजनीतिक दलों से फीडबैक लिया। बैठक के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एसआईआर अभियान की सफलता में राजनीतिक दलों का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है, उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक सहयोग से जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य पारदर्शी, निष्पक्ष एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराया जा रहा है।

# विकास एवं निर्माण कार्यों में बरती जाए पूर्ण पारदर्शिता : मंडलायुक्त

- कहा, किसानों के गन्ने की खरीद बिना भेदभाव हो, भुगतान भी समय से करायें

संवाददाता, हरदोई



अधिकारियों के साथ बैठक करते मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्वामी विवेकानन्द सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करते हुए आयुक्त ने अधिकारियों ने कहा कि विकास एवं निर्माण कार्यों में पूर्ण परादर्शिता बरती जाये। सभी निर्माण कार्यो में निर्माण सामग्री का मिश्रण निर्धारित मानक के अनुसार किया जाये। गन्ना खरीद की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने गन्ना तौल स्थालों एवं कांटों की जानकारी ली तथा जिला गन्ना अधिकारी निर्देश दिए कि किसानों गन्ने की खरीद बिना भेदभाव व निष्पक्ष कराने के साथ गन्ने का भुगतान भी समय से करायें। धान खरीद की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों के धान की खरीद टोकन के अधार पर करायें और बोरों आदि की उपलब्धता बनाये रखें।

बैठक में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के प्रकरणों के संबंध में जिलाधिकारी ने आयुक्त को बताया कि जनपद में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के त्वरित एवं समयबद्व निस्तारण के लिए सुगम नाम से पोर्टल लॉच किया जायेगा, जिसका प्रजेन्टेशन दिखाया गया। बैठक में आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों का त्वरित संज्ञान लें और उनका समयबद्व समाधान करायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनुनय झा, अपर जिलाधिकारी वि.रा. प्रियंका सिंह, न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, जल निगम, पीडब्लूडी, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित सभी जिलास्तरीय अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# मंडलायुक्त ने देखी आईटीआई संडीला की हकीकत



अभिलेखों का अवलोकन करते आयुक्त विजय विश्वास पंत। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने तहसील संडीला में निर्माणाधीन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का गहन अवलोकन किया। मण्डलायुक्त ने कार्यदायी संस्था यूपी सिडको के अधिशासी अभियंता से इंटरलॉकिंग कार्य में प्रयुक्त सामग्री एवं उसके मानकों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा स्पष्ट निर्देश दिए कि समस्त निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएँ। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा गुणवत्ता में समझौता स्वीकार्य नहीं होगा।

निरीक्षण के दौरान आईटीआई परिसर में निर्मित नालियों के ऊपर लगी लोहे की जालियों को कमजोर पाए जाने पर से उन्हें तत्काल हटाकर मजबूत एवं टिकाऊ जालियां लगाए जाने के निर्देश दिए। निर्माणाधीन भवन के लेआउट का अवलोकन करते हुए कक्षाओं, स्टोर रूम एवं कार्यालयों की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने बताया कि भवन में आवश्यक संख्या में क्लासरूम, स्टोर एवं प्रशासनिक कार्यालयों का निर्माण किया गया है, समस्त निर्माण कार्य 31 मार्च तक पूर्ण कर लिए जाएंगे। मण्डलायुक्त ने भवन परिसर में समुचित एवं प्रभावी ड्रेनेज व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# परिजनों को बंधक बनाकर लूटपाट आईजी ने परिजनों से ली जानकारी

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई



पीड़ित से जानकारी लेते आईजी किरण यश। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लखनऊ परिक्षेत्र के आईजी किरन एस मंगलवार को शाम मलकापुर में परिजनों को बंधक बनाकर हुई लूटपाट के मामले में मलकापुर पहुंचकर मौका मुआयना किया और पीड़ित अनीश खां से बातचीत कर जानकारी ली।

सोमवार-मंगलवार के मध्य रात्रि करीब 2 बजे अनीश खां के घर में घुसकर पांच नकाबपोश हथियारबंद बदमाशों ने सभी सदस्यों को बंधक बनाकर लाखों रुपए की लूटपाट की। सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, अपर पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह, आलोक राज नारायण मौके पर पहुंच कर मौका मुआयना किया और टीमें बना कर खुलासे का प्रयास किया जा रहा है। शाम 4:30 बजे लखनऊ परिक्षेत्र के आईजी किरन एस मलकापुर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित गृह स्वामी अनीस से जानकारी ली और मकान के आसपास टहलकर स्थिति परखी। उन्होंने पुलिस को हर हाल में घटना का जल्द खुलासा करने का निर्देश दिया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, अपर पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह, आलोक राज नारायण, प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।

# गन्ने से लदे ट्रक की टक्कर से मां की मौत, बेटे को आईं चोंटे

संवाददाता, हरदोई, पिहानी



प्रेमा की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** अन्नप्राशन संस्कार में शामिल होने के लिए मां अपने बेटे के साथ बाइक से बेटी की ससुराल जा रही थी, उसी बीच पिहानी में करावां तिराहे पर गन्ने से लदे ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां मां की मौत हो गई, जबकि बेटे का इलाज चल रहा है।

सीतापुर कोतवाली शहर के मोहल्ला शास्त्री नगर (लोनियन पुरवा) निवासी राजकुमार की 45 वर्षीय प्रेमा मंगलवार की सुबह अपने 21 वर्षीय बेटे अमन के साथ उसकी बाइक से बेटी अंशिका पत्नी सौरभ की ससुराल बिजगवां थाना मझिला जा रही थी। बिजगवां में मंगलवार की शाम को अंशिका के देवर गौरव की बेटी के अन्नप्राशन संस्कार की दावत थी। अमन की बाइक पिहानी कस्बे में करावां तिराहा के पास पहुंची, उसी बीच गन्ने से लदे ट्रक ने उसमें पीछे से टक्कर मार दी, जिससे प्रेमा और अमन दोनों गिरे और चपेट में आने से उन्हे गहरी चोंटे पहुंची। सीएचसी पिहानी में प्रेमा की मौत हो गई। प्रेमा के दो बेटे और दो बेटियां है। हादसे के बाद घर-परिवार में कोहराम बरपा हो गया।

# महिला की आत्महत्या के बाद हंगामा

संवाददाता, हरदोई

- वीडियो बनाने से रोकने पर मृतका के मायके वालों की पुलिस के साथ हुई झड़प
- पति पर हत्या का लगा आरोप



राजवती की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** तीन शादी-शुदा बच्चों की मां ने कमरें के अंदर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुंचे मृतका के मायके वाले पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए वीडियो बनाने लगे। पुलिस के मना करने पर विवाद शुरू हो गया और बात झड़प तक पहुंच गई। पुलिस पर आरोप है कि उसने आरोपियों से सांठगांठ कर गलत बर्ताव किया।

सोमवार की रात सवायजपुर कोतवाली के गौरिया निवासी विनोद कुमार की पत्नी राजवती (45) ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। राजवती के दो बेटे पुनीत, विनीत और एक बेटी सलोनी है, तीनों की शादी हो चुकी है। राजवती का मायका बरहा मजरा खजुरहरा थाना सुरसा बताया गया है। बताते हैं कि मायके वाले मौत की खबर पर गौरिया पहुंचे, जहां पति विनोद पर हत्या का आरोप लगाते हुए कुछ लोग वीडियो बनाने लगे। वहां मौजूद पुलिस ने रोका तो मायके वाले हंगामा करने लगे। राजवती के मायके वालों की पुलिस से झड़प होने लगी। पुलिस पर आरोप है कि उसने वीडियो बनाने पर मोबाइल छीन लिया। पिता रामलड़ैते का आरोप है कि दामाद ने पुत्री की हत्या की।

## मायके में रह रही पत्नी नाराज पति ने दी जान

**हरदोई, अमृत विचार।** बिहार में नौकरी से युवक घर लौटा और मायके में रह रही पत्नी को ससुराल आने को कहा। कई बार बुलाने के बाद भी जब पत्नी नहीं आई तो युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। माधौगंज थाने के इकसई निवासी हरिशंकर कश्यप (27) पुत्र नथुन्नी कश्यप ने मंगलवार की शाम अपने कमरे में मफलर से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। हरिशंकर बिहार की गुटखा फैक्ट्री में नौकरी करता था। उसकी पत्नी स्वाति दो बच्चों के साथ करीब एक साल से अपने मायके उन्नाव जिले के मौरावां में रह रही थी।

# 24 घंटे के अन्दर पुलिस ने खोज निकाले लापता 2 छात्र

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम गोनी से स्कूल के लिए निकलकर लापता हुए 15 वर्षीय दो छात्रों को पुलिस ने 24 घंटे के अन्दर गाजियाबाद से सकुशल बरामद कर लिया।

गोनी निवासी प्रदीप तेली ने गुमशुदगी की तहरीर देते हुए बताया कि क्षेत्र के कलावती इण्टर कालेज में पढ़ने वाला पुत्र साहिल और जनता बाल विद्यालय में पढ़ने वाला 15 वर्षीय भतीजा शुभम सोमवार की दोपहर साइकिल लेकर स्कूल जाने को कहते हुए घर से निकले थे। दोनों वापस घर नहीं आये। अतरौली इंस्पेक्टर सतीश चन्द्र ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस की टीम खोज के लिए तत्काल लगा दी गयी। खोज में पता चला कि दोनों छात्र साइकिल सण्डीला में छोड़कर दिल्ली वाली ट्रेन से गये हैं। लोकेशन के जरिए पुलिस को दोनों की जानकारी गाजियाबाद में होने की मिली। गाजियाबाद की जीआरपी पुलिस से सम्पर्क करके दोनों को कस्टडी में ले लिया।

# संस्कार व ज्ञान बनेंगे छात्रों की सफलता का आधार : विजय

- एपीएस पब्लिक इंटर कॉलेज में हुआ 12वीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह

संवाददाता, सांडी, हरदोई



समारोह में मौजूद छात्र-छात्रा व साथ में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं।

**अमृत विचार।** एपीएस पब्लिक इंटर कालेज में मंगलवार को कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबन्धक अरविन्द सिंह मुख्य अतिथि और विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय त्रिवेदी ने दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ।

समारोह के दौरान कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने सीनियर साथियों के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'मिस्टर और मिस फेयरवेल' प्रतियोगिता रही, जिसमें मिस्टर एपीएस छात्र तारिक अली तथा मिस एपीएस छात्रा नव्या द्विवेदी चुनी गईं। प्रबन्धक अरविन्द सिंह ने छात्र/छात्राओं को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया तथा छात्र/छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय द्वारा दिए गए संस्कार और ज्ञान उनके जीवन की सफलता का आधार बनेंगे। उन्होंने छात्र/छात्राओं को जीवन में अनुशासन, कड़े परिश्रम और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर 12वीं के कई छात्र अपने निजी स्कूली जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए भावुक हो गए विद्यालय प्रबंधक अरविन्द सिंह एवं निदेशिका स्वाती चौरसिया ने सभी विदा हो रहे छात्रों को उपहार भेंट किये गये तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ शिक्षकों ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सामूहिक भोज के साथ समारोह का समापन हुआ।

## युवती घर से लापता आरोपियों पर केस

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मझिला थाना क्षेत्र में एक युवती नगदी और ज़ेवर लेकर घर से लापता हो गई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित पिता के अनुसार 8 फरवरी की रात करीब 11 बजे उसकी 18 वर्षीय पुत्री को थाना क्षेत्र के ग्राम अंतोरा निवासी अजीत पुत्र राजेश अपने साथी मनोहर पुत्र गनेश के सहयोग से फुसलाकर भगा ले गया है। पुत्री अपने साथ एक लाख रूपए नगद और सोने-चांदी के जेवर भी ले गई है।

लिया जायजा | स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आयुष्मान केंद्र हैबतपुर और दुर्गागंज का किया निरीक्षण

# टीबी मरीजों के इलाज की परखी हकीकत

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई



टीपीटी दवा के बारे में जानकारी लेती डब्ल्यूजेसीएफ टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंगलवार को केंद्र से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बिलग्राम सीएचसी का निरीक्षण किया। उसके बाद आयुष्मान केंद्र हैबतपुर और दुर्गागंज पहुंचकर आशा कार्यकर्ताओं से जानकारी ली। टीबी मरीजों के घर जाकर बातचीत भी की।

डब्लूजेसीएफ टीम ने टीबी मरीजों के परिजनों को दी जाने वाली टीपीटी दवा की जमीनी हकीकत परखी। टीम के सदस्य डॉ शमसुद्दीन खान ने बताया कि जिले में टीबी के मरीजों को इलाज के साथ ही उनके परिवार के सदस्यों का भी इलाज किया जा रहा है। परिवार के सदस्यों को टीबी प्रिवेंशन थैरेपी के तहत दवाएं दी जा रही है, ताकि परिवार के दूसरे सदस्यों को टीबी की बीमारी न होने पाए। दवा मिल रही है कि नहीं, अथवा जो भी समस्या आ रही है उसको ही हम लोग दूर करने आये हैं। निरीक्षण में सभी फील्ड स्टाफ से कार्यक्रम की वर्तमान स्थिति, लाभार्थियों की पहचान, दवा वितरण, फॉलो-अप एवं रिपोर्टिंग व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई। टीम द्वारा सामने आ रही चुनौतियों को सुना गया तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं निर्देश दिए गए। टीम ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए समयबद्ध स्क्रीनिंग, योग्य लाभार्थियों की पहचान, दवा अनुपालन तथा रिकॉर्ड संधारण पर विशेष जोर दिया। साथ ही आशा एवं फील्ड स्टाफ को समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। निरीक्षण में गौरव दीक्षित, नवनीत, प्रणव, कात्यानी, शिल्पी, अरुण, शराफत खान, रीतेश सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## बीमारी से महिला की मौत, हत्या का आरोप

**हरदोई, अमृत विचार।** पति अपनी बीमार पत्नी की महीनों से दवाई करा रहा था, लेकिन सोमवार को उसकी सीएचसी माधौगंज में मौत हो गई। चाचा ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी, जिस पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। माधौगंज थाने के रमुआपुर निवासी निर्मल कुमार की पत्नी मंजू देवी (36) का इलाज चल रहा था। निर्मल के अनुसार सोमवार को तबियत बिगड़ने पर वह मंजू को सीएचसी माधौगंज ले गया, जहां उसकी मौत हो गई। दंपति की तीन बेटियां हैं। भतीजी की मौत पर पहुंचे चाचा किशन निवासी डुड़ैला कोतवाली देहात ने आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# श्रीमद्भागवत कथा व ज्ञानयज्ञ शुरु

संवाददाता, हरदोई



कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भव्य कलश यात्रा के साथ बरखेरा में रणवीर सिंह के परिसर में मंगलवार से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ, इससे पहले भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें शामिल सैकड़ो नर-नारियों ने हिस्सा लिया।

कलश यात्रा के बाद वेदी पूजन के साथ 6 दिवसीय कथा के 7 वें दिन हवन, परीक्षित मोक्ष, फूलों की होली और भण्डारे के साथ समापन होगा। कथा व्यास भूषण्डी जी महाराज ने यजमान रणवीर सिंह से पूजा अर्चना कराकर कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ, जिसमें सैकड़ों नर-नारी और बच्चों ने हिस्सा लिया। यात्रा कथा स्थल से शारदा नहर में जल भर कर वापस कथा स्थल पर समापन, उसके बाद वेदी पूजन के साथ कथा प्रारंभ हुई। इस दौरान परिचित रणवीर सिंह, प्रेनशिपल नीलम सिंह, सरिता सिंह, रुची सिंह, पूजा सिंह, रोहित सिंह हिमांशु सिंह, सुशील सिंह, अजेन्द्र सिंह आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मुस्लिम आबादी शून्य ग्राम सभा का नाम सराय मोहम्मद शरीफ

**रायबरेली :** सदर तहसील क्षेत्र का एक ऐसी ग्राम सभा, जहां किसी भी पुरवे में मुस्लिम आबादी नहीं। लेकिन नाम सराय मोहम्मद शरीफ है। जी हां सुनने में जरूर अचरज लग रहा होगा, लेकिन ऐसा ही है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर गांव का बदलवाने की मांग की है। फत्तेपुर गांव के रहने वाले राम प्रताप सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा। बताया कि सदर तहसील क्षेत्र के सराय मोहम्मद शरीफ ग्राम सभा के किसी भी पुरवे में कोई मुस्लिम नहीं रहता है। इसमें चार गांव फत्तेपुर, मोहलिया, इक्छनिहा, शीतल का पुरवा आता है। गांव की सामाजिक संरचना व स्थानीय पहचान लंबे समय से फत्तेपुर के नाम से ही प्रचलित है। जिसे लोग दैनिक व्यवहार में प्रयोग करते हैं। आदित्य विक्रम सिंह, मोहन, ओम प्रकाश, प्रमोद, सजीवन, शकुंतला आदि का कहना है कि सराय मोहम्मद शरीफ का नाम परिवर्तित कर फत्तेपुर किया जाए, ताकि हमारी संस्कृति और पहचान एक जैसी हो। इस मौके पर पवन कुमार सिंह, विपिन सिंह, अनीता, अमरेश सिंह, कालिका सिंह, सुजीत प्रताप सिंह, सुधीर, दीपक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### शारदा नहर में उतराता मिला शव

**अमावां :** मिल एरिया थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर खसपरी के पास स्थित शारदा नहर में बहते जा रहे शव पर लोगों की नजर पड़ी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पानी से शव निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर विंध्य विनय रावत ने बताया कि मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। शव कई दिन पहले पानी में डूबा हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**शिवगढ़ :** थाना क्षेत्र के बांदा-बहराइच राजमार्ग पर स्थित शिवगढ़ राजबहा की मनऊखेड़ा पुलिया पर मोटरसाइकिल की टक्कर में साइकिल सवार अधेड़ घायल हो गया। घटना मंगलवार की शाम की है। शिवगढ़ नगर पंचायत के मनऊखेड़ा गांव के रहने वाले महादेव पुत्र इन्दल मंगलवार को सीएचसी शिवगढ़ से दवा लेकर साइकिल से घर के लिए जा रहे थे। तभी मनऊखेड़ा पुलिया पर बाइक सवार युवक ने साइकिल में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया।

### हज यात्रियों का टीकाकरण 16 को

**रायबरेली :** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा ने हज 2026 पर जाने वाले रायबरेली के चयनित 54 हज यात्रियों के लिए टीकाकरण कार्यक्रम 16 फरवरी को मदरसा जामिया उम्मुल मोमिनीन आयशा अल इस्लामियां लिल बनात बड़ा कुंआ में होगा। इसमें सुबह 10 बजे से नोडल अधिकारी जिला संक्रामक कक्ष कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली की देख रेख में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व अन्य कार्मिको द्वारा किया जायेगा। जिला हज ट्रेनर द्वारा हज के अरकान सम्बन्धी प्रशिक्षण/जानकारी दी जायेगी।

### 20 को मनाया जाएगा सर्वेश्वर शिव मंदिर का स्थापना दिवस

**रायबरेली :** अंबिका देवी प्रांगण स्थित सर्वेश्वर महादेव शिव मंदिर के स्थापना दिवस पर 20 फरवरी को वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। यह जानकारी अजय सिंह उर्फ सोनू ने दी है। उन्होंने बताया कि पूजन अर्चन के साथ प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## समिति पर यूरिया के साथ बेचा जा रहा सल्फर, किसान परेशान

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** विकास खंड के हरदोई स्थित बहुउद्देशीय ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड पर यूरिया खाद के साथ किसानों को सल्फर की पैकेट खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इस अनिवार्यता के कारण किसानों में भारी आक्रोश है। किसानों का आरोप है कि समिति के सचिव द्वारा यूरिया खाद के साथ जबरन किसी प्राइवेट कम्पनी की सल्फर दी जा रही है।

अहमदगंज सलेथू के किसान शारदा प्रसाद सिंह और बृजेश सिंह सहित अन्य ने बताया कि दो बोरी यूरिया पर एक सल्फर की पैकेट लेना अनिवार्य किया गया है। किसानों का यह भी कहना है कि इस समय सल्फर की आवश्यकता नहीं है, और पहले ऐसा कभी नहीं होता था। जब केंद्र के सचिव चंद्रशेखर वर्मा से इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने जबरन सल्फर बेचने से इनकार किया। हालांकि किसानों का कहना है कि सल्फर की पैकेट न लेने पर उन्हें यूरिया खाद नहीं दी जा रही है।

वहीं जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पांडेय ने बताया कि यूरिया के साथ सल्फर या किसी भी अन्य दवा की टैगिंग करके बेचना नियम विरुद्ध है। मामले की जांच कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोली

संवाददाता, रायबरेली

- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 13.44 लाख बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाने का है लक्ष्य

**अमृत विचार।** उच्च प्राथमिक विद्यालय किला में मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) आयोजित किया गया। अभियान का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा व सलोन सीएचसी पर प्रधान संघ के अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल ने बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा एल्बेंडाजोल की दवा खिलाकर किया।

सीएमओ डॉ. नवीन चंद्रा ने बताया कि शिवगढ़ ब्लॉक को छोड़कर अन्य 19 सीएचसी एवं शहरी क्षेत्रों में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत एक से 19 साल के 13.44 लाख बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि शिवगढ़ ब्लॉक में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 10 से 28 फरवरी तक सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें एक वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं अति गंभीर रोगियों को छोड़कर सभी पात्र लोगों को फाइलेरियारोधी दवा दी जाएगी। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डीएस अस्थाना ने बताया कि 13.44 लाख बच्चों के लक्ष्य के सापेक्ष लगभग 8.64 लाख बच्चों ने एल्बेंडाजोल का सेवन किया। कार्यक्रम में अर्बन नोडल अधिकारी डॉ. राकेश कुमार यादव, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ. शांति अकेला, शहरी स्वास्थ्य समन्वयक विनय पांडे, आशीष तिवारी, एआरपी, शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

सीएचसी सलोन में अधीक्षक डॉ. अमित कुमार सिंह एवं स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डॉ. शुभ करण ने स्वयं दवा सेवन कर एवं बच्चों को दवा खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। जनपद के अन्य सीएचसी पर भी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया।



एल्बेंडाजोल की दवा खिलाते सीएमओ डॉ. नवीन चंद्रा, मौजूद अन्य अधिकारी।

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारम्भ

**शिवगढ़।** सीएचसी शिवगढ़ में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष जीबी सिंह ने फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं ब्लॉक कार्यालय परिसर में खण्ड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने भी दवा खाकर अभियान की शुरुआत कराई। सीएचसी शिवगढ़ अधीक्षक डॉ. प्रेमशरण, जिला मलेरिया अधिकारी रमेश कुमार यादव, मलेरिया निरीक्षक सुमित सिंह, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक नीलम मौर्य, जयराम यादव एवं पार्थ शुक्ला ने कार्यक्रम का निरीक्षण किया। डॉ. प्रेमशरण ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 10 फरवरी से 28 फरवरी तक चलाया जाएगा।

# एम्स के दो महत्वपूर्ण पदों पर जल्द होगी नियुक्ति

## भर्ती प्रक्रिया पूरी: काफी समय से रिक्त चल रहा है वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और अधीक्षक के पद

दुर्गेश पाण्डेय, रायबरेली

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज के बेहतर संचालन को लेकर सरकार लगातार प्रयासरत है। यही वजह है कि काफी अरसे से रिक्त चल रहे दो महत्वपूर्ण पदों पर बहुत जल्द नियुक्ति हो जाएगी। दोनों महत्वपूर्ण पदों पर भर्ती की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। पद ग्रहण करते ही एम्स को स्थाई अधीक्षक और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मिल जाएंगे।

वर्तमान में अस्थाई रूप से प्रो. डॉ. नीरज श्रीवास्तव को अधीक्षक के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। एम्स अपने दोनों महत्वपूर्ण पदों के साथ अन्य विभागों में फैकल्टी मेम्बरों की भर्ती के लिए आवेदन निकाले थे। इसमें एम्स मे वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी का पद काफी दिनो से खाली चल रहा था। अगस्त 2018 मे ओपीडी शुरू होने के कुछ महीने के बाद वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद पर समीर शुक्ला ने पद ग्रहण किया था। पांच वर्ष का कार्यकाल समाप्त होने के बाद से यह पद खाली चल रहा था। जानकारी के अनुसार अलग-अलग 36 विभागों में रिक्त चल रहे 96 पदों पर आवेदन मांगे गए थे। आवेदन भरने की प्रक्रिया पूरी होते ही एम्स प्रशासन ने भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिसके परिणाम भी आना शुरू हो चुके है। इससे इन दो महत्वपूर्ण पदों पर भी तैनाती की संभावना बढ़ गई है।

**दो वर्ष से वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी का इंतजार:** लगभग दो वर्ष से वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी का पद खाली चल रहा है। एम्स में रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया में तेजी आने के बाद से उम्मीद जगी है कि जल्द ही तैनाती हो जाएगी। अधीक्षक प्रो. डॉ. नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि निदेशक के प्रयास से स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ोत्तरी हो रही है।फैकल्टी मेम्बर की भर्ती प्रक्रिया पूरी होते ही गैस्ट्रोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी, पलमोनरी जैसे विभाग में स्टाफ की कमी दूर हो जाएगी।



अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज। अमृत विचार

> एम्स में रिक्त पदों पर चयन को लेकर प्रक्रिया चल रही है। इसमें अधीक्षक और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद भी शामिल हैं। वर्तमान में पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। बहुत जल्द दोनों पदों पर नियुक्ति हो जाएगी।
>
> -प्रो. डॉ. अमिता जैन, निदेशक, एम्स।

### राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने एम्स पर सरकार को घेरा

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** राज्यसभा में सोमवार को विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी की सदन में मौजूदगी में एम्स के मुद्दे पर सरकार की तगड़ी घेराबंदी की। बारह वर्ष बाद भी एम्स के पूर्ण क्षमता के साथ संचालित नहीं कराए जाने पर सरकार को घेरते हुए करार प्रहार किया। राज्यसभा में शून्यकाल में सांसद प्रमोद तिवारी ने रायबरेली के दरियापुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान को पूरी क्षमता के साथ जनता को समर्पित न कर पाने पर केन्द्र को कटघरे में खड़ा किया। उन्होनें राज्यसभा में सरकार से कहा कि पिछले बारह वर्ष पूर्व रायबरेली में एम्स की स्थापना की गयी थी। यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने आठ अक्टूबर 2013 को एम्स का भूमिपूजन किया था। सरकार का ध्यानाकर्षण किया कि रायबरेली में एम्स की स्थापना का उद्देश्य रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर एवं प्रतापगढ़ सहित उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल तथा मध्यांचल के लगभग चालीस जनपदों के साथ बिहार एवं मध्य प्रदेश के भी कई हिस्सों की बड़ी आबादी के लिए जीवन रक्षक एवं उन्नत चिकित्सा सेवाओं के साथ जनता को अत्याधुनिक एवं बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराना रहा है। वहीं वरिष्ठ सांसद प्रमोद तिवारी ने सरकार को बताया कि प्रारम्भ में एम्स के लिए नौ सौ साठ बेड के बड़े अस्पताल की परिकल्पना की गयी थी। उन्होने सरकार से कहा कि वर्तमान में यह मात्र 610 बेड तक ही सीमित है। साथ ही सीनियर रेजीडेंट डाक्टर की भारी कमी है। स्वीकृत लगभग दो सौ एसआरओ के पदों के विरूद्ध वर्तमान में केवल 37 एसआरओ कार्यरत हैं। अस्पताल में अभी भी 74 प्रतिशत तक पद रिक्त पड़े हैं। कहा कि यह अत्यन्त गंभीर स्थिति है कि इस संस्थान में प्रोफेसर के 33 पदों के विरूद्ध मौजूदा समय में मात्र सात नियुक्तियां की गयी हैं। यही स्थिति एडिशनल प्रोफेसर के स्वीकृत 26 पदों में से केवल पांच पर ही नियुक्ति हो सकी है। सदन में जोर देते हुए कहा है कि करोड़ो जनता को बेहतर और अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता पर एम्स रायबरेली में आवश्यक डाक्टरों एवं स्टॉफ की त्वरित भर्ती, बेड क्षमता विस्तार तथा आवासीय सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चिति की जाए।




राज्यसभा में एम्स के मुददे पर वक्तव्य देते सांसद प्रमोद तिवारी। (फाइल फोटो)

### सरस्वती विद्या मंदिर में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**सरेनी (रायबरेली) अमृत विचार।** विकास क्षेत्र के भूपगंज छिवलहा स्थित ग्रामोदय शिक्षा एवं सेवा समिति द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर में धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाजसेवी सुधा द्विवेदी रहीं। विशिष्ट अतिथि लालगंज नगर पंचायत की अध्यक्ष सरिता गुप्ता रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित रामेश्वर त्रिपाठी महाविद्यालय के प्रबंधक प्रेम शंकर त्रिपाठी ने की। मुख्य वक्ता बराती लाल इंटर कॉलेज लालगंज के प्रधानाचार्य सत्येंद्र कुमार शुक्ला ने सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर की शिक्षा पद्धति पर प्रकाश डाला। समारोह में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक झांकियां नृत्य एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए। प्रबंधक अंजनेया बाजपेई ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों, अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य सुशील तिवारी ने क्षेत्र के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं संभ्रांत जनों को सम्मानित किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत मिश्रा, अनूप पांडे, गणेश दीक्षित, अश्वनी, मुन्नू लाल जी, देशराज, आकर्षक द्विवेदी, नीरज शुक्ला, सुनील सरगम, अनुज शुक्ला, रश्मि दीक्षित आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सुशील तिवारी, संजीव त्रिवेदी, काली रतन, अंजू, अखिलेश आदि का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन सरस्वती शिशु मंदिर रामपुर के प्रधानाचार्य काली रतन ने किया।



कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सुधा द्विवेदी को सम्मानित करते प्रबंधक अंजनेया बाजपेई।

### देवेंद्र के शामिल होने से सपा को मिलेगी मजबूती : सीएल वर्मा

**रायबरेली, अमृत विचार।** मंगलवार को भीम युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र भीमराज अपने साथियों राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कौशलेंद्र पासवान, पूर्व जिलाध्यक्ष भूपेश सरोज, भवानी पासवान, मो. मुस्लिम, आशीष कोहली, मो. आजम खान, लवकुश पासी, अजय मौर्य, लालजी पासी सहित हजारों साथियों के साथ समाजवादी पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट पहुंचकर जिलाध्यक्ष इ .वीरेंद्र यादव से समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा के समक्ष देवेन्द्र भीमराज ने अपने भीम युवा संगठन को समाजवादी पार्टी में विलय की घोषणा भी की। समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए देवेंद्र भीमराज ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव निरंतर शोषितों, वंचितों, किसानों, मजदूरों, छात्रों, बेरोजगारों के साथ भाजपा सरकार के राज में हो रहे अन्याय अत्याचार की आवाज को सड़क से लेकर संसद तक उठाया जा रहा है। उन्ही के निर्देशों के अनुपालन में समाज के प्रत्येक वर्ग की भलाई के लिए सभी को एकजुट कर सर्वजन के हित में कार्य किया जाएगा। जिलाध्यक्ष इ .वीरेंद्र यादव ने देवेन्द्र भीमराज को सदस्यता दिलाते हुए कहा कि यह एवं इनके हजारों साथी संपूर्ण जनपद में समाज के पीड़ित शोषित वंचित को न्याय दिलाने के लिये लगातार प्रयासरत व सक्रिय रहे हैं। इनके पार्टी में शामिल होने से सपा को और अधिक मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, प्रदेश सचिव डॉ. शशिकांत शर्मा, पुत्तन सिंह यादव, सरफराज रायनी, रामकिशोर पुजारी, आदर्श यादव, लालजी पटेल, मो .अरशद खान, राजेश मौर्य, आदित्य यादव सहित दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।



सपा की सदस्यता ग्रहण करने पर देवेंद्र भीमराज का स्वागत करते सपा पदाधिकारी।

## कार में अचानक लगी आग चालक ने कूदकर बचाई जान

संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)

- लालगंज-रायबरेली के रेलवे फाटक के अंदर हुआ हादसा

**अमृत विचार।** मंगलवार को लालगंज-रायबरेली के रेलवे फाटक के अंदर पटरी पर अचानक चलती अल्टो कार में आग लग गई। आग लगने से लोगों में हड़कंप मच गया। इस दौरान ग्राम ओरहार थाना दही जिला उन्नाव निवासी चालक दीपक पुत्र सुरेंद्र सिंह कार से उतरकर अपनी जान बचाई। यह कार सीएनजी बताई जा रही है।

घटना स्थल के पास मौजूद यादव मिष्ठान भंडार के कर्मचारी विजय यादव, रामशंकर, नन्हकऊ, अभिषेक, दीपक आदि ने अपने फायर किट सिलेंडर से आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया। फायर ब्रिगेड प्रभारी उप निरीक्षक मुकेश गिरी ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। कार चालक दीपक सिंह ने बताया कि वह तकिया मेला आया था। जहां से वह बाल्हेश्वर मंदिर दर्शन करने जा रहा था।

वहीं प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने इस मामले में बताया कि कार में आग लगने की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में सहायता की है।



क्रॉसिंग के पास कार में लगी आग को बुझाने का प्रयास करते लोग।

## संदिग्ध परिस्थितियों में प्रधान के घर में बुजुर्ग की मौत, बहू-बेटा का हंगामा

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** चंदापुर थाना क्षेत्र के रुकुनपुर ग्राम प्रधान के यहां कई वर्षों से रह रहे बुजुर्ग की संदिग्ध मौत हो गई। मौत की सूचना पर बेटे और बहू ने ग्राम प्रधान पर आरोप लगाते हुए पुलिस बुला ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर छानबीन शुरू कर दी है।



शिवनारायन की फाइल फोटो।

पूरे डीहा गांव निवासी शिवनारायन यादव (75) करीब पांच वर्षों से ग्राम प्रधान के अमरनाथ द्विवेदी के यहां रहता था। मंगलवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही उनके बड़े बेटे जंग बहादुर व बहू शिव दुलारी ने प्रधान के घर पहुंचकर हंगामा करते हुए पुलिस बुला ली। बहू शिव दुलारी ने ग्राम प्रधान को आरोपित करते हुए उसके ससुर की मौत की जांच कराने की मांग की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक शिवनारायन के जंगबहादुर, शिवबहादुर, विजय बहादुर व नारेंद बहादुर समेत चार बेटे हैं। करीब पांच वर्ष पहले उसने अपनी जमीन का आधा हिस्सा छोटे बेटे नारेंद बहादुर व ग्राम प्रधान गीता देवी के पति अमरनाथ द्विवेदी को आधा हिस्सा बैनामा कर दिया था। जिसको लेकर उनके बेटों व प्रधान पति में विवाद चल रहा था। मृतक टीबी का मरीज भी था।

वहीं कोतवाल अरविंद सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

- प्रधान के घर पहुंचकर बेटे और बहू ने की जांच की मांग



घटना की जांच करती पुलिस। अमृत विचार

### शिव मंदिर से घण्टे चोरी, मुकदमा दर्ज

**शिवगढ़।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के खजुरों स्थित प्रसिद्ध शिव मन्दिर से दो घण्टे चोरों ने पार कर दिया। ग्रामीण हृदय नारायण पाण्डेय ने बताया कि एक 21 किग्रा. और दूसरा 15 किग्रा. का घंटा था। बताया जा रहा है कि मन्दिर में कांच के फ्रेम को भी तोड़ दिया। ग्रामीण ने बताया कि इस मन्दिर के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था है। ग्रामीण ने पुलिस से जल्द खुलासे की मांग की है। शिवगढ़ थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि गांव के अरुण कुमार मिश्रा की तहरीर पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।



चोरी के बाद ग्रामीणों से पूछताछ करती पुलिस।

राहत

जिलाधिकारी के प्रयास व समाज सेवी के सहयोग से सौंपी गई स्कूटी की चाबी

# डीएम ने जनसुनवाई में आई बेटी को दिलाई स्कूटी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** छह जनवरी 2026 को जनसुनवाई आम दिन जैसी थी। यहां पर जब आर्थिक रूप से कमजोर एक बेटी अपनी अर्जी लेकर प्रस्तुत हुई, तो समय मानो ठहर सा गया। शब्द कम थे पर आंखों में वर्षों का दर्द भरा था। घर की अकेली संतान जिसने अपने सपनों को एक तरफ रखकर बुजुर्ग और दृष्टिबाधित दिव्यांग पिता की सेवा को ही अपना जीवन बना लिया। पिता देख नहीं सकते, बोलते कम हैं, लेकिन बेटी की हर सांस उन्हीं के लिए है।

चार्ज संभालने के बाद से जनहित को प्राथमिकता देने वाली डीएम हर्षिता माथुर ने मानवीय निर्णय लेते हुए जन सुनवाई में शिकायत लेकर आई छतोह ब्लॉक के ग्राम पूरे भक्तन बभनपुर निवासी सभादीन की पुत्री लक्ष्मी की पीड़ा को राहत में बदलने का भरोसा दिया। आवागमन की परेशानी को समझते हुए फ्री बैटरी चालित स्कूटी दिलाने का निर्णय लिया गया। डीएम के प्रयास से जब समाज सेवी ऑटो एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिहर सिंह, सचिव शिवम सिंह, संजय सबरवार, राकेश सिंह, विजय रस्तोगी, मोहित गुप्ता व एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक शशांक श्रीवास्तव के सहयोग से 10 फरवरी 2026 को डीएम कार्यालय परिसर में बेटी लक्ष्मी को स्कूटी उपलब्ध कराई गई, तो वह पल शब्दों से परे था। यह खबर जैसे-जैसे फैली, लोग भावुक हो उठे। कहा जाता है कि पिता के बुढ़ापे की लाठी बेटे होते हैं, लेकिन यहां एक बेटी पिता की सांसों का सहारा बनी हुई है। यह घटना बताती है कि जब बेटी अपने पिता के लिए सब कुछ बन जाती है और प्रशासन उसका संबल बनता है, तब जन सुनवाई सिर्फ प्रक्रिया नहीं रहती वह एक मजबूत उम्मीद बन जाती है।



दिव्यांग की बेटी को स्कूटी की चाबी प्रदान करतीं जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व साथ में मौजूद समाजसेवी। अमृत विचार

### मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सेफर इंटरनेट डे का आयोजन

**रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग और साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता के लिए ''सेफर इंटरनेट डे'' पर साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिला सूचना विज्ञान अधिकारी बृजेश तिवारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को ऑनलाइन सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर अपराध से बचाव, मजबूत पासवर्ड के उपयोग, सोशल मीडिया के सुरक्षित प्रयोग आदि की जानकारी दी। कहा कि इंटरनेट का सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण उपयोग न केवल आम नागरिकों बल्कि प्रशासनिक अधिकारियों के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने सुरक्षित इंटरनेट उपयोग से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी अरूण कुमार, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्या, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सुधीर गिरि, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी आदि उपस्थित रहें।

### रामराज बने मातृभूमि सेवा मिशन रायबरेली इकाई के अध्यक्ष

**रायबरेली।** मातृभूमि सेवा मिशन जिला इकाई के गठन एवं दायित्व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन मंगलवार को शहीद स्मारक परिसर में संपन्न हुआ। इसमें रामराज गिरि को अध्यक्ष चुना गया। प्रदीप पांडेय संयोजक, रामानुज मिश्रा सह-संयोजक, महेन्द्र अग्रवाल, अजय मिश्रा, प्रो. संजय सिंह, दिनेश मिश्रा संरक्षक, संतलाल मुख्य सलाहकार, योगेन्द्र मिश्रा सलाहकार बने। दायित्व शपथ ग्रहण समारोह में सभी पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। इससे पहले शुभारंभ मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया। इस मौके पर देवेन्द्रनाथ मिश्रा, राकेश यादव, पंकज प्रजापति, अवधेश सिंह, आशीष यादव, अजय पाल सिंह, राजेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### वित्तीय साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन




उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की देदानी में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद बैंक अधिकारी।

**रायबरेली, अमृत विचार।** भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा संचालित वित्तीय साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की देदानी शाखा में शाखा प्रबंधक यूनिक आहूजा के नेतृत्व में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अनुज कुमार यादव, बैंक ऑफ बड़ौदा के लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर रुपेश कुमार दुबे, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के चीफ मैनेजर दिब्य किशोर बेहेरा, सीनियर मैनेजर रविकांत मौर्य, वित्तीय समावेशन अधिकारी चित्रांशु पाण्डेय, वित्तीय परामर्शदाता शिव कुमार यादव, सतांव ब्लॉक से ग्राम पंचायत अधिकारी कमलेश नारायण तिवारी सहित विभिन्न ग्रामों के ग्राम प्रधान टिकरा से अनुज कुमार, पडरी से मंजू देवी, बिन्होरा से समशेर यादव, चिलौला से दल बहादुर, देदानी से अवधनाथ अवस्थी, कल्याणपुर रैली से विद्या कांत, अमरिया से बृज किशोर अवस्थी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिक उपस्थित रहे। शिविर में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित थीम "सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम" पर विस्तार से चर्चा की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### गैलेंडर मशीन गिरने से युवक घायल

**बछरावां (रायबरेली) :** बछरावां थाना क्षेत्र के दुर्गन टोला निवासी संजू पुत्र रामगोपाल (40) मंगलवार की दोपहर कस्बा अंतर्गत महराजगंज रोड पर सीढ़ी के ऊपर खड़ा होकर एक स्टील की रेलिग बना रहा था। कार्य करते समय अचानक गैलेंडर मशीन उसके हाथ से छूट कंधे पर जा गिरी, जिससे वह घायल हो गया। घायल को सीएचसी बछरावां पहुंचाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**छतोह (रायबरेली) :** ब्लॉक स्तरीय आउट ऑफ स्कूल विद्यालय के बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से ब्लॉक संसाधन केंद्र में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण में द्वितीय दिवस में बच्चों की पहचान, नामांकन प्रक्रिया, शिक्षण-अधिगम की नवीन विधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में संदर्भदाता के रूप में शिवेंद्र श्रीवास्तव, रमेश कुमार शुक्ल, रवि सिंह, शिवकुमार निर्मल, गिरजेश सिंह, ममता गौतम, कृष्ण बहादुर यादव, बिंधा दीन, राकेश कुमार जायसी, अमन वर्मा, शकील अहमद कुरैशी, कन्हैया लाल, योगेश मलिक आदि रहे।

### आर्थिक सहायता दिलाने की मांग

**जगतपुर (रायबरेली) :** प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने ऊंचाहार विधानसभा क्षेत्र के गौरा ब्लॉक स्थित चूली गांव में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में चार बच्चियों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने घटना को अत्यंत दु:खद बताते हुए कहा कि इस हादसे से पूरा क्षेत्र स्तब्ध और व्यथित है। श्री सिंह ने गंगा एक्सप्रेसवे एवं सरकार से मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रूपये एवं घायलों को 2-2 लाख रूपये आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

### पूरे बुधई की टीम ने जीता फाइनल मैच

**डीह (रायबरेली) :** डीह ब्लाक क्षेत्र के अन्तर्गत एकता स्पोटिंग क्लब द्वारा चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को फाइनल मैच खेला गया। जिसमें पूरे बुधई की टीम ने डीह की टीम को 13 रन से हराकर शील्ड पर कब्जा जमाया और फाइनल मैच में जीत दर्ज कराई। इसके मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अवधेश सिंह व समाजसेवी रजा अली रहे। पूरे बुधई के खेल मैदान में मंगलवार को फाइनल मैच खेला गया। जिसमें टास जीतकर पूरे बुधई की टीम के कप्तान मो. नईम ने बल्लेबाजी की। 16 ओवर में 199 रन बनाकर डीह की टीम के सामने लक्ष्य रखा, जिसमें मोबीन ने 45 रन और रैना ने 75 रन बनाकर टीम का सहयोग किया। ज़बाब में उतरी डीह टीम के कप्तान हर्ष जायसवाल के खिलाड़ी खास प्रदर्शन नहीं कर सके और 16 ओवर में 186 रन बनाकर आउट हो गए और 13 रन से पूरे बुधई की टीम ने मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रैना व शैलेन्द्र पंडित को दिया गया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अवधेश सिंह व समाजसेवी रजाअली व आयोजक मो. नईम ने टीम पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अजय तिवारी, शिवम मिश्रा, अनुराग, बच्चा यादव, मोहित तिवारी, शिव प्रसाद तिवारी, तनवीर हसन, प्रिन्स सिंह, रवि सिंह, अरविंद कुमार रहे।

### 14 को होगी रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप

**रायबरेली :** डिस्ट्रिक्ट रोलर स्केटिंग एसोसिएशन रायबरेली के तत्वाधान में 14 फरवरी को रायन इंटरनेशनल स्कूल के खेल के मैदान पर जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्रतियोगिता के बारे में जानकारी एसोसिएशन के महासचिव अभिषेक द्विवेदी ने दी है।

# मेले में लगे स्टॉलों का डीएम ने किया निरीक्षण

## महिलाओं के प्रोत्साहन के लिए राष्ट्रीय आजीविका मिशन की ओर से विभिन्न उत्पादों के स्टॉल लगवाए गए

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जिले में समूह के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अमेठी जिले के जिला पंचायत रिसोर्ट सेंटर पर तीन दिवसीय सरस मेले की शुरुआत की गई। जहां पर समूह की महिलाओं को एक छत के नीचे रोजगार देने के लिए और उनके उत्पादों की बिक्री करने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा राष्ट्रीय आजीविका मिशन के बैनर तले विभिन्न उत्पादों के स्टॉल लगवाए गए।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी अमेठी संजय चौहान ने पहुंचकर लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया, इसके साथ ही समूह की महिलाओं से बातचीत की। बता दें कि समूह की महिलाओं द्वारा तैयार आचार, मुरब्बा, बिस्किट, नमकीन, चिप्स-पापड़, कपड़े व खिलौने के साथ घरेलू उपयोग के जुड़े कई प्रोडक्ट की श्रृंखला यहां के स्टॉल में लगाई गई थी। जहां पर लोगों ने


सरस मेले का निरीक्षण करते डीएम संजय चौहान व मौजूद अन्य। अमृत विचार

भी खरीदारी की और स्वदेशी समूह और उत्पादन से जुड़ी महिलाओं को प्रोत्साहन भी मिला। जनपद स्तरीय सरस मेले का आयोजन तीन दिनों तक किया जाएगा। जहां पर जिला पंचायत ईश्वर केंद्र परिसर में जिले के विभिन्न समूह में काम करने वाली महिलाओं के प्रोडक्ट के स्टॉल लगेंगे। इसके साथ ही फिर ब्लॉक लेवल पर भी इनके प्रोडक्ट की पहचान आगे बढ़ाने के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में जिला अधिकारी ने मंच से महिलाओं को संबोधित करते हुऐ कहा कि मेले के स्टॉलों में लगाए गए प्रोडक्ट बेहतरीन हैं। जिससे स्वदेशी उत्पाद की पहचान जिले के आर्थिक समृद्धि और विकास का हिस्सा बनेगा। इससे महिलाओं की पहचान आगे बढ़ेगी। उन्होंने समूह की महिलाओं से अपील की कि वे अपने प्रोडक्ट की पहचान एक प्रोडक्ट तक सीमित न रखकर आगे भी अन्य प्रोडक्ट तैयार करें, जिससे लोगों में इसें खरीदने की रुचि हो और उनके लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न हों।

**कृषि वैज्ञानिकों ने दी जैविक खेती की जानकारी, सिंहपुर (अमेठी):** कृषि विज्ञान केंद्र सिंहपुर व तिलोई की आत्मा योजना द्वारा मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय 60 किसान प्रशिक्षित किये गए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कृषि वैज्ञानिक डॉ. ओम प्रकाश सिंह ने मौजूद किसानों को जानकारी देते हुए कहा कि किसानों को जैविक खेती करनी चाहिए। खेती में बीज का सोधन कर बुवाई करनी चाहिए, रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम से कम करना चाहिए। बताया कि खेती के साथ-साथ बागवानी, पशु पालन व सब्जियों की खेती करनी चाहिए, जिससे अतिरिक्त मुनाफा प्राप्त कर सकते हैं। वहीं सिंहपुर आत्मा योजना के ब्लाक टेक्नोलॉजी मैनेजर नीरेश कुमार ने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री, गोबर की खाद का प्रयोग, मिट्टी की गुड़वत्ता की जांच, फसलों को खेतों में अदला बदली के बारे में विस्तार से बताया और जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ लाल पंकज, रेनू, सत्येंद्र कुमार, अरुन कुमार, देवमणि त्रिपाठी, आनंद कुमार व सत्येंद्र कुमार के साथ साथ चंद्र प्रकाश, राम बालक, जगदीश प्रसाद, तेज बहादुर, राम प्यारी आदि किसान लोग मौजूद रहे।


कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा में मौजूद किसान। अमृत विचार

# एंटी करप्शन टीम ने दरोगा व होटल संचालक को दबोचा

संवाददाता, सिंहपुर (अमेठी)

**केस दर्ज**

- हादसे की विवेचना के नाम पर मांगी थी 15 हजार की रिश्वत

**अमृत विचार।** क्षेत्र में भ्रष्टाचार के खिलाफ मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अयोध्या की एंटी करप्शन टीम ने इन्हौना थाने में तैनात उप निरीक्षक राजेश चंद्र पाल को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। वहीं कस्बे के होटल संचालक लवदीप साहू को भी टीम साथ ले गयी है।


आरोपी दरोगा की फाइल फोटो।

जानकारी अनुसार पीड़ित अंकुर सिँह ने एंटी करप्शन टीम से कुछ दिन पूर्व शिकायत दर्ज कराई थी कि इंहौना थाने पर तैनात दरोगा द्वारा एक सड़क हादसे की विवेचना के नाम पर रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत मिलने के बाद टीम ने योजना बनाकर जाल बिछाया और मंगलवार को कस्बा स्थित साहू होटल पर रिश्वत लेते समय उप निरीक्षक व सहयोगी होटल संचालक को दबोच लिया है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तारी के बाद टीम आगे की कार्रवाई में जुट गई है। वहीं एंटी करप्शन टीम ने जामों थाने पर लगातार 5 घंटे की पूछताछ के बाद उपनिरीक्षक व होटल संचालक पर मुकदमा पंजीकृत कराया है। वहीं अयोध्या एंटी करप्शन टीम के इंस्पेक्टर संजय सिंह ने बताया है कि जामो थाने पर दरोगा राजेश चंद्र पाल व पूरे दुल्ला निवासी होटल संचालक लवदीप पुत्र साहब प्रसाद के पास से 15 हजार घूस के पैसे बरामदगी के साथ मुकदमा दर्ज कराया गया है। साथही मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### क्या बोले जिम्मेदार

वहीं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक व सहयोगी होटल संचालक पर रिश्वत लेने के मामले में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# सड़क दुर्घटना में युवक की हुई मौत, कोहराम

तिलोई (अमेठी)

**अमृत विचार।** ग्राम चंदापुर नैया के पुल के पास हुए हादसे में युवक की मौत हो गई, जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा।

जानकारी के मुताबिक कोतवाली मोहनगंज क्षेत्र के अंतर्गत गांव पूरे महा मजरे कमई निवासी विवेक चौरसिया (38 वर्ष) पुत्र स्व. सत्यनारायण चौरसिया अपने गांव के तीन अन्य साथियों के साथ गंगागंज से जोहवा सर्किल, जनपद रायबरेली बारात गए थे। वहां से लौटते समय सभी लोग अलग-अलग बाइकों से वापस आ रहे थे। एक बाइक पर विवेक चौरसिया के साथ अंकित गुप्ता (22 वर्ष) पुत्र मथुरा गुप्ता बैठे थे जबकि दूसरी बाइक पर अमित लाल (उम्र लगभग 18 वर्ष) पुत्र बंशीलाल के साथ राजेश गुप्ता पुत्र दयाशंकर गुप्ता मौजूद थे। जैसे विवेक ग्राम चंदापुर नैया के पुल से कुछ दूरी पर सड़क के मोड़ पर उसकी बाइक अचानक एक जंगली जानवर से टकरा गई, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। जिससे


रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

विवेक चौरसिया गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन और साथी उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इस दर्दनाक हादसे ने परिवार में कोहराम मच गया व गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के घर में मां सावित्री देवी (लगभग 50 वर्ष), बड़ा भाई अंकुश चौरसिया (लगभग 40 वर्ष) तथा बहनें अंकिता (लगभग 35 वर्ष), अर्चना (लगभग 33 वर्ष), आंचल एवं अंशुम का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि जानकारी मिली है किसी प्रकार के प्रार्थना पत्र नहीं प्राप्त हुआ है मिलने के पश्चात वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# क्रीड़ा प्रतियोगिता में भादर बना चैंपियन

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जनपद में दो दिवसीय बेसिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का रंगारंग समापन हुआ। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के रोमांचक मुकाबले हुए, जिसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विकास क्षेत्र भादर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं जगदीशपुर दूसरे स्थान पर रहा।

समापन समारोह में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारी भी गरिमामयी उपस्थिति में मौजूद रहे।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन ऊँची कूद, लंबी कूद, रिले रेस, जिमनास्टिक, बैडमिंटन, कुश्ती, गोला फेंक, चक्का फेंक, योग एवं वॉलीबॉल जैसी कई प्रमुख खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बैडमिंटनः बालक वर्ग में कुर्बान तथा बालिका वर्ग


विजेता टीम के साथ मौजूद शिक्षक व शिक्षिकाएं। अमृत विचार

**आयोजन**

में पलक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सृजन और आस्था दूसरे स्थान पर रहे। ऊँची कूदः बालक वर्ग में आजाद प्रथम और शुभम द्वितीय रहे। बालिका वर्ग में सेजल अव्वल और नेहा उपविजेता रहीं। लंबी कूद (जूनियर वर्ग): आजाद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि वैभव दूसरे स्थान पर रहे। रिले रेसः विकास क्षेत्र शाहगढ़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं भादर दूसरे स्थान पर रहा। जूनियर वॉलीबॉल, जिमनास्टिक एवं योगः इन प्रतियोगिताओं में विकास क्षेत्र भादर का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। योग प्रतियोगिता में जगदीशपुर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। गोला फेंकः बालक वर्ग में आजाद और बालिका वर्ग में नैंसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समारोह को संबोधित करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी टीमों की सक्रिय सहभागिता, बच्चों की खेल दक्षता और उन्हें निखारने वाले शिक्षकों की प्रशंसा की।कार्यक्रम का संचालन डॉ. रमेश सिंह ने किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी, पूजा सिंह, राकेश सचान, ममता सरकार, शिवकुमार यादव, रामललित, सतीश सिंह, संतोष कुमार यादव का योगदान रहा।

## बच्चों को खिलाई गई कृमिनाशक दवा


स्कूल के बच्चों को दवा पिलाते सीएचसी संग्रामपुर के स्वास्थ्यकर्मी।

**संग्रामपुर (अमेठी) अमृत विचार।** अमेठी जिले के संग्रामपुर विकासखंड क्षेत्र में मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर व्यापक अभियान चलाकर स्कूली बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों, परिषदीय विद्यालयों और इंटर कॉलेजों में स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने पहुंचकर बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली दी।सीएचसी संग्रामपुर के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष सिंह ने बताया कि विकासखंड के 96 परिषदीय विद्यालयों, 98 आंगनबाड़ी केंद्रों तथा इंटर कॉलेजों में प्रशिक्षित अध्यापकों और स्वास्थ्य कर्मियों की निगरानी में दवा वितरण कराया गया।अभियान के तहत लगभग 34 हजार बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से पहले दिन करीब 22 हजार बच्चों को दवा दी गई।उन्होंने बताया कि आरबीएसके की दो टीमों ने धौरहरा, भवसिंहपुर, संग्रामपुर, कसारा, मड़ौली, मिश्रौली और बड़गांव सहित विभिन्न क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों का निरीक्षण कर अभियान की निगरानी की। जहां भी आवश्यकता पड़ी, मौके पर ही बच्चों को दवा खिलाई गई।अभियान के दौरान छूटे हुए बच्चों को 13 फरवरी को आयोजित मॉप-अप दिवस पर दवा खिलाई जाएगी। अभियान की निगरानी में बीपीएम शंभूनाथ पाण्डेय, बीसीपीएम तीर्थराज यादव, डॉ. आरिफ इकबाल, डॉ. बृजेश यादव, डॉ. सिमिरन, डॉ. सुशील शुक्ला और डॉ. बलराम चौरसिया सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रिय रही।

## अस्पताल में डॉक्टर नदारद, ग्रामीण परेशान

**अमेठी, अमृत विचार।** अमेठी के भेंटुआ पशु चिकित्सालय में मंगलवार सुबह लापरवाही का मामला सामने आया। सुबह करीब 10 :30 बजे तक पशु चिकित्सा अधिकारी की कुर्सी खाली रही और डॉक्टर अस्पताल नहीं पहुंचे।दूर-दराज के गांवों से अपने बीमार पशुओं को लेकर पहुंचे ग्रामीण अस्पताल परिसर में डॉक्टर का इंतजार करते नजर आए। काफी देर तक कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं रहा, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी दिखी। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्यमंत्री के समयबद्ध उपस्थिति के आदेशों के बावजूद अस्पताल में डॉक्टर कई बार समय पर नहीं मिलते। इससे पशुओं के इलाज में देरी होती है और किसानों को परेशानी उठानी पड़ती है। लोगों ने विभागीय अधिकारियों से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है, ताकि पशु अस्पताल में समय से डॉक्टर की मौजूदगी सुनिश्चित हो सके।


चिकित्सालय की खाली पड़ी कुर्सी।

## काधूनाला को मिला 'कयाधू नदी' का सम्मान

**मुसाफिरखाना (अमेठी) अमृत विचार।** क्षेत्र के काधूनाला को उसकी पौराणिक, ऐतिहासिक और धार्मिक गरिमा के अनुरूप अब "मां कयाधू नदी" के रूप में प्रतिष्ठित करने की पहल शुरू हो गई है। काधूनाला वन क्षेत्र में बहने वाली यह नदी वर्तमान में लगभग सूख चुकी है, जिसके पुनर्जीवन और ऐतिहासिक पहचान को पुनर्स्थापित करने के लिए गंगा समग्र द्वारा जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। गंगा समग्र के जिला संयोजक अवधेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस नदी को राजस्व अभिलेखों में कयाधू नदी के नाम से दर्ज कराने का प्रयास किया जाएगा। कयाधू नदी का धार्मिक महत्व भक्त प्रह्लाद की माता मां कयाधू से जुड़ा हुआ है। मान्यता है कि यह नदी नारद धाम गुन्नौर के समीप से होकर बहती है और इसी क्षेत्र में भक्त प्रह्लाद का जन्म हुआ था। उन्होंने बताया कि वर्ष 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में वीर भाले सुल्तान सहित कई शहीदों ने इसी धरती पर मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर किए थे। ऐसी गौरवशाली विरासत वाली मां कयाधू नदी के उत्थान के लिए गंगा समग्र परियोजना के राष्ट्रीय अधिवेशन, दिल्ली में पारित प्रस्ताव में इसे शामिल किया गया है। कयाधू नदी गोमती की जल स्रोतों में से एक मानी जाती है और गंगा की सहायक नदियों की श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा है। गंगा को अविरल और निर्मल बनाए रखने के उद्देश्य से गंगा समग्र के कार्यकर्ता गोमती सहित अन्य सहायक नदियों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाएंगे।


पुनर्जीवित होने के बाद बहती कयाधू नदी।

# सड़क न बनने से भड़के ग्रामीण

**आक्रोश**

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** सरैया डुबान गांव में सड़क की मांग को लेकर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा। गांव के लोगों ने प्रदर्शन करते हुए साफ कह दिया कि अगर सड़क नहीं बनी तो वे आने वाले चुनाव में वोट का बहिष्कार करेंगे। ग्रामीणों का साफ साफ कहना है कि सरकार विकास के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन उनके गांव में विकास सिर्फ कागजों तक ही सीमित है।

स्थानीय निवासी हरिपूजन सिंह ने बताया कि उनके पुरखे सैकड़ों साल से इसी गांव में रह रहे हैं, लेकिन आज तक पक्की सड़क न ही खड़ंजा बन पाया है। सड़क न होने से लोगों को


प्रदर्शन करतीं ग्रामीण महिला एवं पुरुष। अमृत विचार

रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। किसी के बीमार पड़ने पर एंबुलेंस घर तक नहीं पहुंच पाती, मजबूरी में मरीज को खाट या गोद में उठाकर मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है। जया सिंह ने आरोप लगाया कि गांव के पास ही एक व्यक्ति ने रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया है और बीच रास्ते में गड्ढा खुदवा दिया है। बताया कि इसकी शिकायत तहसीलदार और एसडीएम से की गई थी। एसडीएम के निर्देश पर ग्रामीण रास्ता बनवा रहे थे, लेकिन कुछ लोगों ने काम रुकवा दिया है।

# जनसुनवाई में जनपद को मिला मंडल में प्रथम स्थान

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जनपद माह जनवरी 2026 में आईजीआरएस जनसुनवाई के अंतर्गत एक बार फिर बेहतर प्रदर्शन किया है। जिलाधिकारी और अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के कुशल निर्देशन में, अमेठी मंडल स्तर पर प्रथम स्थान पर रहा, जबकि प्रदेश स्तर पर छठा स्थान हासिल करते हुए शीर्ष दस जनपदों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।

जनवरी 2026 में जनपद को कुल 5761 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया गया। इस अवधि में जनपद में किसी भी शिकायत के डिफाल्टर की संख्या शून्य रही। साथ ही, मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा किसी भी शिकायत को 'सी' श्रेणी में नहीं रखा गया, जो निस्तारण की उच्च गुणवत्ता को दर्शाता है। जिलाधिकारी प्रतिदिन रैंडम आधार पर शिकायतकर्ताओं से संवाद कर शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हैं। यदि किसी प्रकरण में गुणवत्तापूर्ण आख्या नहीं मिलती है, तो संबंधित अधिकारी से तत्काल वार्ता कर पुनः जांच कराई जाती है, जिससे शिकायतकर्ता संतुष्टि प्रतिशत में निरंतर वृद्धि हो रही है। अपर जिलाधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी आईजीआरएस द्वारा भी प्रतिदिन शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर गुणवत्ता की समीक्षा हो रही है।

**आयोजन** एसवीएस पब्लिक स्कूल इंदिरा नगर के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दीं मनमोहक प्रस्तुतियां

# वार्षिकोत्सव में छात्रों ने खूब मचाया धमाल, किए गए पुरस्कृत

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** एसवीएस पब्लिक स्कूल इंदिरा नगर का वार्षिकोत्सव मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं मेधावियों को सम्मानित किया गया।

इससे पहले प्रबंधक इंद्र प्रताप सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत की प्रस्तुत किया। इसके बाद अलग-अलग गानों पर बच्चों ने डांस भी किया। साथ ही नाट्य मंचन करके सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रबंधक ने कहा कि


एसवीएस पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में सम्मानित बच्चे व शिक्षक-शिक्षिकाएं।

बच्चों का चहुमुखी विकास करना ही शिक्षकों का दायित्व होता है। विद्यालय में बेहतर शिक्षा मिले यह हमारी प्राथमिकता है। इस दौरान बेहतर प्रदर्शन पर बच्चों को सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य अविनाश और इंद्रेश विक्रम सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि लगन और मेहनत से तैयारी करके सफलता अर्जित की जा सकती है। इस मौके पर शिक्षक कुलदीप, महेश, लवलेश, अभिषेक, सतेंद्र, दुबेश, मालती, मीरा, संगीता, काजोल, मुस्कान, अंशिका, रूचिता आदि मौजूद रहे।


शांति मनोहर बालिका इंटर कॉलेज में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

**वार्षिकोत्सव में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन, डलमऊः** मुराई बाग के शांति मनोहर बालिका इंटर कॉलेज में मंगलवार को धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। समारोह में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को लोटपोट कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिया कांस्ट्रेक्शन कंपनी के चेयरमैन राकेश भदौरिया रहे। समारोह में छात्र विक्रम, विशाल, अवनीश के द्वारा संदेशे आते हैं गीत पर लोगों की खूब वाहवाही लूटी। वहीं वंदे मातरम गीत पर वैष्णवी व भोली ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। विद्यालय के बच्चे अमित, आस्था, अंजलि पटेल अन्य ने जहां पांव में पायल गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्कूल के बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में डलमऊ नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रबंधक संदीप चौधरी, डॉ. राममनोहर, प्रधानाचार्य एके सिंह, प्रमोद यादव, बृजेश दीक्षित, रामेंद्र यादव, धर्मेंद्र सिंह, निकेत नयन आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नवदीप बाजपेई ने किया।

